714. सुमेलित कीजिए -

	लोक देवता		जन्म स्थान
(1)	गोगाजी	(i)	सांथू
(2)	पाबूजी	(ii)	ददरेवा
(3)	हड़बूजी	(iii)	कोहू
(4)	फत्ताजी	(iv)	भूंडोल

(a) 1-i, 2-ii, 3-iii, 4-iv/र
(b) 1-ii, 2-iii, 3-iv, 4-i/र
(c) 1-iv, 2-ii, 3-iii, 4-i/र
(d) 1-iv, 2-ii, 3-iii, 4-i/र

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : सही सुमेलित है।

लोक देवता	**-**	**जन्म स्थान**
गोगाजी	-	ददरेवा (चुरु)
पाबूजी	-	कोहू
हड़बूजी	-	भूंडोल (नागौर)
फत्ताजी	-	सांथू

715. संत हरिदास ______ सम्प्रदाय के संस्थापक थे।

(a) निम्बार्क (b) अलखिया
(c) निरंजनी (d) रामस्नेही

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) :

सम्प्रदाय	**-**	**संस्थापक**
निम्बार्क	-	निम्बार्काचार्य
अलखिया	-	लाल गिरी
निरंजनी	-	संत हरिदास
रामस्नेही	-	रामचरण जी
लाल दासी	-	लालदास जी

716. भीलों द्वारा, लड़की के विवाह के समय घर की दीवार पर बनाये जाने वाले लोक देवी के चित्र को क्या कहा जाता है?

(a) तहनिशा (b) मांडना
(c) फड़ (d) भराड़ी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : भराड़ी देवी भीलों की लोकदेवी है। विवाह के अवसर पर भगड़ी लोकदेवी का भित्तिचित्र बनाया जाता है। पुराणों के अनुसार भील जनजाति की उत्पत्ति भगवान शिव के पुत्र निषाद द्वारा मानी जाती है।

717. बेंगती गाँव (फलौदी) में किस लोक देवता का मुख्य मन्दिर स्थित है?

(a) तल्लीनाथजी (b) हड़बूजी
(c) पाबूजी (d) मल्लीनाथजी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : बेंगती गाँव, कसौटी, जोधपुर हड़बूजी का प्रमुख पूजा स्थल है। इनकी गिनती मारवाड़ के पांच प्रमुख पीरों में की जाती है हड़बूजी का जन्म भूंडेल गांव, नागौर में हुआ था, ये रामदेवजी के अनुयायी रहे है।

718. मेवात क्षेत्र के अलवर जिले में जन्म लेने वाले प्रसिद्ध संत थे-

(a) सुन्दरदास (b) गरीबदास
(c) लालदास (d) हरिरामदास

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : संत लाल दास का जन्म मेवात क्षेत्र के अलवर जिले में हुआ था। ये संत दादू के समकालीन थे। इन्हें मेवात क्षेत्र कबीर कहा जाता था। ये साम्प्रदायिक सद्भाव हिन्दू - मूस्लिम एकता के प्रतीक और पर्यावरण संरक्षक रहे हैं।

719. चार हाथों वाला लोकदेवता किसे कहा जाता है?

(a) कल्ला जी (b) मल्लीनाथ जी
(c) फत्ता जी (d) झुन्झार जी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : कल्ला जी को चार हाथों वाला (चतुर्भुज) लोकदेवता कहा जाता है। ये बांगड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध लोकदेवता माने जाते है। इनकी काले पत्थर से निर्मित मूर्ति सामलिया गांव (डूंगरपुर) में स्थापित है।

720. सुमेलित कीजिए-

	कुलदेवी		जाति
(1)	करणी माता	(i)	नाई
(2)	सकराय माता	(ii)	सीरवी
(3)	आई माता	(iii)	खण्डेलवाल
(4)	नारायणी माता	(iv)	चारण

(a) 1-iv, 2-i, 3-ii, 4-iii
(b) 1-ii, 2-iii, 3-ii, 4-i
(c) 1-iv, 2-iii, 3-ii, 4-i
(d) 1-iv, 2-iii, 3-i, 4-ii

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

कुल देवी	**-**	**जाति**
करणी माता	-	चारण
सकराय माता	-	खण्डेलवाल
आई माता	-	सीरवी
नारायणी माता	-	नाई

721. शिक्षा संत के रूप में, प्रसिद्ध स्वामी केशवानन्द का जन्म कहाँ हुआ?

(a) बाणासुर गाँव (b) मंगलूना गाँव
(c) हरनावा गाँव (d) रामपुरा बेरी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : स्वामी केशवानंद का जन्म 1883 ई. में राजस्थान के सीकर जिले में मंगलूना गांव में हुआ था। ये एक महान शिक्षा संत थे। इनका मूल नाम बिरामा था। इन्होंने लगभग 300 स्कूल, 50 छात्रावास और लाइब्रेरी बनवाया था। स्वामी जी दो बार राज्य सभा (1952-58, 1958-64) सांसद चुने गए थे।

722. रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक संत रामचरण कहाँ पैदा हुए?

(a) सोड़ा-डिग्गी (b) शाहपुरा-भीलवाड़ा
(c) नगलू-भरतपुर (d) मुकाम-बीकानेर

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020